मेरा जीवन संवार दो

मेरे सांवरे तुम मेरा
जीवन संवार दो
सबसे करते हो प्यार
मुझको भी प्यार दो
मेरे सांवरे तुम मेरा
जीवन संवार दो—--
बाँध लिया है तुमसे
मैनें प्रीत का बंधन
बस गए हो ह्रदय में मेरे
मेरी बनके तुम धड़कन
धड़कने का संग में मेरे
तुम्हारा भी विचार हो
सबसे करते हो प्यार
मुझको भी प्यार दो
मेरे सांवरे तुम मेरा
जीवन संवार दो—--
चैन ना तुम बिन
करार मैं पाऊं
तुम पे जीवन सारा
वार मैं जाऊं
प्रेम का तुम्हारा भी
तो इज़हार हो
सबसे करते हो प्यार
मुझको भी प्यार दो
मेरे सांवरे तुम मेरा
जीवन संवार दो—--
भटकता रहा था मैं
प्यारे वफा की तलाश में
मंजिल मिली आके
सांवरे तुम्हारे पास में
अब भले ही राजीव की
जीवन में हार हो
सबसे करते हो प्यार
मुझको भी प्यार दो
मेरे सांवरे तुम मेरा
जीवन संवार दो—--

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33791/title/Mera-jeevan-sanwaar-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |